सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 285
14/03/2026

बिहार लोक भवन में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया

पटना 21 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में आयोजित ईद मिलन समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को ईद की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है और हम इससे प्रेरणा लेकर भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्तम योगदान दें।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित बिहार लोक भवन के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....